पंजाब केसरी 02/01/2026

जी.एम.एन. कॉलेज में शॉर्ट फिल्म निर्माण पर प्रेरक व्याख्यान देते विशेषज्ञ। (चंदमोहन)

# जी.एम.एन. कॉलेज में शॉर्ट फिल्म निर्माण पर हुआ प्रेरक व्याख्यान

अम्बाला, 1 जनवरी (बलराम): छावनी के जी.एम.एन. कॉलेज में मास कम्युनिकेशन एवं वीडियो प्रोडक्शन विभाग द्वारा शॉर्ट फिल्म निर्माण विषय पर एक प्रेरक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को शॉर्ट फिल्म निर्माण की तकनीकी एवं रचनात्मक प्रक्रियाओं से अवगत कराना तथा उन्हें व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना था। कार्यक्रम में कॉलेज के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी ऑफ हरियाणा राई (सोनीपत) के सहायक प्राध्यापक अनिल यादव ने शॉर्ट फिल्म निर्माण की तकनीकी एवं रचनात्मक प्रक्रियाओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को बताया कि शॉर्ट फिल्म निर्माण एक सृजनात्मक कला है, जिसमें सशक्त विचार, सुनियोजित योजना और आधुनिक तकनीक का संतुलित समन्वय अत्यंत आवश्यक होता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में विभिन्न ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर शॉर्ट फिल्मों की लोकप्रियता निरंतर बढ़ रही है और आज के समय में यह युवाओं को उनके विचारों के साथ सामाजिक सरोकारों को प्रभावी एवं रचनात्मकता ढंग से प्रस्तुत करने का सशक्त माध्यम बना हुआ है।

इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि इस प्रकार की प्रेरक व्याख्यान विद्यार्थियों के न केवल व्यावहारिक ज्ञान को सुदृढ़ करते हैं, बल्कि उन्हें वर्तमान में मीडिया और फिल्म निर्माण के क्षेत्र में उपलब्ध नए अवसरों एवं संभावनाओं से परिचित भी कराते हैं।

कार्यक्रम के दौरान विभाग के प्रभारी सहायक प्राध्यापक राजिंदर मीरवाल एवं विभागाध्यक्ष डॉ. चन्द्रपाल पुनिया ने संयुक्त रूप से कहा कि विभाग समय-समय पर इस प्रकार के शैक्षणिक एवं व्यावहारिक कार्यक्रमों का आयोजन करता रहता है, ताकि विद्यार्थियों को नवीनतम तकनीकों, रचनात्मक दृष्टिकोण तथा व्यावसायिक कौशल की समुचित जानकारी मिल सके। व्याख्यान के दौरान पंजाबी विभाग की सहायक प्राध्यापक राजविंदर कौर एवं राजनीति विज्ञान विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. तृप्ति आदि उपस्थित रहे।